दिनांक : 09.06.2024 समय : 07.10 pm

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति के बीच मास्को में हुई मुलाकात।
- प्रदेश में संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जिलो में कार्यक्रम का दौर जारी।
- लोकसभा अध्यक्ष ने इन्दौर में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में लिया हिस्सा, प्रदेष में कार्यक्रम जारी।
- छिन्दवाड़ा के अमरवाड़ा सीट पर कल होगा मतदान, 13 जुलाई को होगी मतगणना।

...............

पीएम–पुतिन बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि आने वाले वर्षों में भारत–रूस संबंध और प्रगाढ़ होंगे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान श्री मोदी ने कहा कि पिछले 40–50 वर्षों से भारत आतंकवाद का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री ने हर तरह के आतंकवाद की निंदा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दुनिया ईंधन की चुनौती का सामना कर रही थी, तब रूस के समर्थन से भारत को पेट्रोल और डीजल की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि दुनिया को यह स्वीकार करना चाहिए कि ईंधन को लेकर भारत–रूस समझौते ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थिरता लाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके पहले भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनाना है। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत विश्व को डिजिटल लेन–देन का सबसे भरोसेमंद मॉडल उपलब्ध करा रहा है और सामाजिक क्षेत्र की श्रेष्ठ नीतियों से नागरिकों का सशक्तिकरण कर रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष इंदौर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत इंदौर में चल रहे 51 लाख पौधे लगाने के महा अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने इंदौर के बिजासन के समीप अटल वन में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने वृक्षारोपण अभियान को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के दुषपरिणामों का सामना कर रहा है ऐसे वक्त में यह अभियान पर्यावरण अनुकूलता की दिशा में देश और दुनिया को नया दृष्टिकोण देते हुए नई राह दिखायेगा। इस अवसर पर लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, वन एवं पर्यावरण मंत्री नागर सिंह चौहान, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान हजारों स्कूली बच्चों ने भी वृक्षारोपण किया।

मुख्यमंत्री महाराष्ट्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज महाराष्ट्र के प्रवास पर रहे। उन्होंने नागपुर में माँ जगदंबा मंदिर कोराड़ी और चिंतामणि गणेश मंदिर में पूजा–अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों के मंगलकामना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यवतमाल के कलम्ब में दीनदयाल प्रबोधिनी पहुंच कर पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने संस्थान के कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित प्रबुद्ध जन के साथ पौधा रोपा।

एक पेड़ मां के नाम

उप–मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर प्रदेश ने 5 करोड़ 50 लाख पौधरोपण का संकल्प लिया है।उप–मुख्यमंत्री श्री शुक्ल भोपाल में चार इमली स्थित निवास के सम्मुख अपनी माताजी की स्मृति में बरगद के पौधे का रोपण कर रहे थे। अभियान के तहत महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने भोपाल के जवाहर बाल भवन में अशोक का पौधा लगाया। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में पौध–रोपण किया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत हर व्यक्ति एक पौधा लगाए और उस पौधे की देखभाल तब तक करें जब तक वह पेड़ नहीं बन जाता। इसी तरह गुना में अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है। आज वार्ड क्रमांक 05 लालपुरा मुक्तिधाम परिसर में वृक्षारोपण कार्य किया गया। अनूपपुर जिले में अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा 4 लाख 66 हजार 275 पौधों के रोपण का लक्ष्य लिया गया है। अब तक जिले में एक लाख 4 हजार 26 पौधों का रोपण किया जा चुका है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने 15 जुलाई तक लक्ष्य पूरा करने को कहा है। अशोकनगर जिले में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने आज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

सम्पूर्णता अभियान–दमोह

प्रदेष के आकांक्षी जिलों में संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। संपूर्णता अभियान का उद्देष्य आंकाक्षी जिले व ब्लाक में 6 प्रमुख संकेतकों–गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, नियमित रूप से गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार, मृदा परीक्षण कर स्वास्थ्य कार्ड बनाना, बच्चों को पूर्णतया टीकाकरण, माध्यमिक स्तर के स्कूलों में विद्युत सुविधा तथा शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक माह के भीतर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराना है। दमोह जिले में भी ये अभियान चलाया जा रहा है।

अमरवाड़ा उपचुनाव

छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के लिए कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इसको लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में 9 प्रत्याशी मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच है, जिसमें भाजपा से पूर्व विधायक राजा कमलेश शाह और कांग्रेस से धीरन शाह चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। विधानसभा चुनाव में कुल 2 लाख 34 हजार मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतगणना 13 जुलाई को होगी।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। कल 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय है। जिससे पिछले 4 दिन से ग्वालियर-चंबल में तेज बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग ने आज भी श्योपुर, छिंदवाड़ा, शिवपुरी समेत 18 जिलों में भारी

बारिश का अलर्ट जारी किया है। सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ने बताया कि प्रदेश में बारिश का दौर अगले एक सप्ताह तक बना रहेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- टीकमगढ कलेक्टर द्वारा जारी दिशा–निर्देश मे कहा है कि स्कूल बस मे महिला अटेंडर होनी चाहिए, सीसीटीवी कैमरा लगा हो, आटो रिक्शा मे क्षमता से अधिक विद्यार्थियों का परिवहन नहीं हो, इन प्रमुख बिन्दुओं पर सभी स्कूल वाहनों की सघन चैंकिग की जाए।
- आगरमालवा जिला पंचायत सीईओ ने वर्ष–2011 की जनगणना अनुसार जिले में 1 लाख 87 हजार 319 चिन्हांकित असाक्षरों का शत–प्रतिशत सर्वे कार्य समय–सीमा में पूर्ण कर जानकारी पोर्टल पर दर्ज करवाने के निर्देश दिए।
- गुना जिला कलेक्ट्रेट के जनुसनवाई कक्ष में आज कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं का निराकरण किया गया।

-------------------